भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 02 | अंक - 39 | बिजौलिया - शनिवार,19 सितम्बर,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

बच्चों के पासपोर्ट की वैधता में बड़ा बदलाव, अब 5 साल या 18 साल की उम्र तक रहेगा पासपोर्ट

भीलवाड़ा फोकस @ नई दिल्ली।

विदेश मंत्रालय ने पासपोर्ट नियमों में बदलाव करते हुए 15 साल से कम उम्र के बच्चों के साधारण पासपोर्ट की वैधता को लेकर नया प्रावधान लागू किया है। अब 36 पन्नों वाला बच्चों का पासपोर्ट जारी होने की तारीख से पांच साल या बच्चे के 18 वर्ष की आयु पूरी होने तक, इनमें से जो अवधि पहले पूरी होगी, तब तक ही वैध रहेगा। पासपोर्ट (संशोधन) नियम, 2026 के तहत किए गए इस बदलाव को 17 सितंबर को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया गया।

15 सितंबर को जारी हुई अधिसूचना

विदेश मंत्रालय की ओर से 15 सितंबर को जारी अधिसूचना के बाद संशोधित प्रावधान प्रभावी हो गया है। नए नियम का सीधा असर 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के सामान्य पासपोर्ट की वैधता पर पड़ेगा। इसके तहत अब बच्चों के पासपोर्ट की वैधता को उनकी उम्र के साथ जोड़ दिया गया है।



पासपोर्ट आवेदन शुल्क के नियम में भी संशोधन

विदेश मंत्रालय ने पासपोर्ट आवेदन शुल्क से संबंधित नियम 8 में भी संशोधन किया है। अब अलग-अलग श्रेणी के पासपोर्ट आवेदनों के लिए शुल्क पासपोर्ट नियमों की अनुसूची-ढ्ढङ्क में निर्धारित दरों के अनुसार लिया जाएगा। पासपोर्ट फीस में संशोधन 1 जुलाई 2026 से लागू है और पासपोर्ट सेवा की वेबसाइट पर भी संशोधित शुल्क के अनुसार भुगतान की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है।

वयस्कों के लिए 2,500 से 3,500 रुपए तक शुल्क

संशोधित शुल्क के अनुसार 36 पन्नों वाले सामान्य पासपोर्ट के लिए वयस्कों और 15 से 18 वर्ष की आयु के उन नाबालिगों से, जिन्होंने वयस्क श्रेणी में आवेदन किया है, 2,500 रुपए शुल्क लिया जा रहा है। वहीं 60 पन्नों वाले पासपोर्ट के लिए सामान्य शुल्क 3,500 रुपए निर्धारित है। तत्काल सेवा में 36 पन्नों वाले पासपोर्ट के लिए 5,000 रुपए और 60 पन्नों वाले पासपोर्ट के लिए 6,000 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है। खोए या क्षतिग्रस्त पासपोर्ट के स्थान पर नया पासपोर्ट बनवाने पर 36 पन्नों के लिए सामान्य शुल्क 5,000 रुपए, जबकि 60 पन्नों के लिए 6,000 रुपए देना होगा।

नाबालिगों के पासपोर्ट की फीस भी बढ़ी

18 वर्ष से कम उम्र के नाबालिगों के 36 पन्नों वाले सामान्य नए या री-इश्यू पासपोर्ट की फीस 1,750 रुपए कर दी गई है। तत्काल श्रेणी में यही शुल्क 4,250 रुपए रहेगा। वहीं खोए या क्षतिग्रस्त पासपोर्ट के स्थान पर 36 पन्नों का नया पासपोर्ट बनवाने के लिए सामान्य शुल्क 4,250 रुपए और तत्काल सेवा में 6,750 रुपए निर्धारित किया गया है।

8 साल तक के बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों को छूट

नियमों के तहत 8 वर्ष तक की उम्र के बच्चों के नए पासपोर्ट आवेदन तथा 60 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के नए पासपोर्ट आवेदन पर 10 प्रतिशत की छूट जारी रहेगी। हालांकि यह छूट री-इश्यू यानी दोबारा पासपोर्ट जारी कराने के आवेदन पर लागू नहीं होगी।

सोनोग्राफी में सब सामान्य, प्रसव के वक्त बिगड़ी हालत; नवजात की मौत पर हंगामा

परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप, वरिष्ठ डॉक्टरों की मौजूदगी पर उठे सवाल



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

महात्मा गांधी अस्पताल में प्रसव के दौरान नवजात की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि प्रसूता किरण कंवर पत्नी चंदन सिंह की लंबे समय से अस्पताल में जांच चल रही थी और 5 तारीख की सोनोग्राफी में मां-बच्चे की स्थिति सामान्य बताई गई थी।

परिजनों के अनुसार प्रसव के दौरान हालत बिगड़ने पर समय पर वरिष्ठ डॉक्टर मौजूद नहीं थे और जूनियर स्टाफ के भरोसे उपचार चलता रहा। 16 तारीख को दोबारा अस्पताल बुलाने के बाद नवजात की मौत हो गई।

घटना के बाद परिजनों ने करीब 16 घंटे तक अस्पताल में मौजूद रहकर जिम्मेदारों से जवाब मांगा और निष्पक्ष जांच की मांग की। स्थानीय पार्षद सत्यवीर सिंह राठौड़ ने भी मामले को गंभीर बताते हुए जिम्मेदारी तय करने की मांग की। अस्पताल प्रशासन की ओर से देर शाम तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई।

गुदली में ग्रामीणों ने दिखाया साहस, पैंथर को पकड़ वन विभाग के सुपुर्द किया

बीमार और कमजोर हालत में मिला पैंथर, वन विभाग ने पिंजरे में रेस्क्यू कर उपचार के लिए पहुंचाया

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

ग्राम पंचायत कोचरिया के समीप स्थित गुदली ग्राम पंचायत क्षेत्र में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब ग्रामीणों ने एक पैंथर को क्षेत्र में घूमते हुए देखा। पैंथर को देखकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया, लेकिन कुछ ग्रामीणों ने हिम्मत और सूझबूझ का परिचय देते हुए उसे पकड़ लिया। इसके बाद तत्काल वन विभाग को सूचना दी गई।


सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने ग्रामीणों की मदद से पैंथर को सुरक्षित रूप से पिंजरे में रेस्क्यू किया। रेस्क्यू के बाद पैंथर को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया, जहां वन विभाग की टीम द्वारा उसके स्वास्थ्य की जांच की गई।

कमजोर हालत में था पैंथर

वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार पैंथर बीमार और काफी कमजोर स्थिति में था। इसी वजह से वह सामान्य स्थिति की तुलना में अधिक आक्रामक नहीं था। ग्रामीणों ने सावधानी बरतते हुए उसे काबू किया और वन विभाग के सुपुर्द कर दिया। पैंथर के गांव के आसपास दिखाई देने की सूचना फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। इससे क्षेत्र में कुछ समय के लिए कौतूहल के साथ चिंता का माहौल बना रहा। वन विभाग की टीम ने लोगों को मौके से दूर रखा और पैंथर को सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू किया।

उपचार के बाद आगे की कार्रवाई

वन विभाग के कर्मचारियों ने पैंथर को उपचार के लिए सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया है। अधिकारियों द्वारा उसकी स्थिति पर नजर रखी जा रही है और आवश्यक उपचार किया जा रहा है। उपचार के बाद वन विभाग द्वारा पैंथर के संबंध में आगे की प्रक्रिया तय की जाएगी।



नाला निर्माण बना राहगीरों के लिए मुसीबत, मिट्टी में धंसी प्रधानमंत्री ई-बस

आरसी व्यास कॉलोनी में खोदी सड़क पर आए दिन फंस रहे वाहन, दोपहिया चालकों के लिए बढ़ा हादसे का खतरा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

आरसी व्यास कॉलोनी में नाला और सीवरेज लाइन निर्माण के लिए खोदी गई सड़क अब राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। सड़क पर जगह-जगह गहरे खड्डे, फैली मिट्टी और उखड़ा हुआ रास्ता आवागमन में बाधा बन रहा है। हालात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री ई-बस भी सड़क की मिट्टी में धंसकर फंस गई, जिसे काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला जा सका। घटना के बाद निर्माण कार्य के दौरान यातायात व्यवस्था और सड़क सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे हैं।



ई-बस फंसी तो सामने आई व्यवस्था की हकीकत

निर्माणाधीन सड़क पर प्रधानमंत्री ई-बस के मिट्टी में धंसने की घटना ने समस्या को उजागर कर दिया। ई-बस के फंसने के बाद उसे बाहर निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब भारी वाहन तक सड़क पर फंस रहे हैं तो आम वाहन चालकों की परेशानी का अंदाजा लगाया जा सकता है।

निर्माण के साथ आवागमन की व्यवस्था की मांग

स्थानीय लोगों ने निर्माण एजेंसियों से मांग की है कि विकास कार्य जरूरी हैं, लेकिन निर्माण के दौरान आमजन की सुरक्षा और आवागमन की व्यवस्था को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। लोगों का कहना है कि सड़क की खुदाई वाले स्थानों पर उचित सुरक्षा इंतजाम, संकेतक और वैकल्पिक रास्ते की व्यवस्था की जाए तथा काम पूरा होने के बाद सड़क को जल्द समतल किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

खड्डों में फंस रहे वाहन, बढ़ा हादसों का खतरा

स्थानीय लोगों के अनुसार नाला निर्माण और सीवरेज लाइन डालने के लिए कॉलोनी में कई स्थानों पर सड़क की खुदाई की गई है। निर्माण कार्य के बाद कई जगह सड़क को समतल नहीं किया गया, जिसके चलते मिट्टी और गड्ढों के बीच से वाहन निकालना मुश्किल हो रहा है। आए दिन छोटे-बड़े वाहन इन स्थानों पर फंस रहे हैं।

सबसे अधिक परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को उठानी पड़ रही है। सड़क पर फैली मिट्टी और गहरे खड्डों के कारण वाहन चालकों का संतुलन बिगड़ने का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार दोपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं।

सोने के कंकड़ का झांसा, 21 लाख लेकर फरार हुआ गिरोह

पहले असली सोना दिखाकर जीता भरोसा, फिर मिट्टी थमाकर उड़ाए लाखों; फरीदाबाद से दो आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

कभी दूध बेचने तो कभी जैकेट और अन्य सामान के बहाने मोहल्ले में घूमकर परिवार से नजदीकी बढ़ाई, फिर असली सोने के कण दिखाकर भरोसा जीता और जब विश्वास पूरी तरह कायम हो गया तो 21 लाख रुपए और सोने के गहनों पर हाथ साफ कर दिया। गांधीनगर थाना क्षेत्र में ठगी का यह मामला सामने आने के बाद पुलिस ने तकनीकी जांच और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हरियाणा के फरीदाबाद से गिरोह के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पहले रेकी, फिर परिवार में बनाई पैठ

पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने ठगी को अंजाम देने से पहले क्षेत्र की रेकी की थी। वे अलग-अलग सामान बेचने के बहाने मोहल्लों में घूमते और ऐसे परिवारों को तलाशते थे, जहां आसानी से भरोसा कायम किया जा सके।

इसी दौरान आरोपियों ने खुद को हरियाणा का निवासी बताते हुए जग्गा पुत्र तेजू प्रजापत के परिवार से संपर्क बढ़ाया। लगातार आवाजाही के जरिए उन्होंने परिवार के साथ परिचय बढ़ाया और धीरे-धीरे पारिवारिक माहौल बनाकर विश्वास हासिल कर लिया।



असली सोने के कण दिखाकर बनाया विश्वास

पुलिस के अनुसार आरोपियों ने परिवार को बताया कि उनके पास सोने के कंकड़ हैं और वे इन्हें बेहद कम कीमत में उपलब्ध करा सकते हैं। परिवार को विश्वास दिलाने के लिए आरोपियों ने शुरुआत में कुछ असली सोने के कण दिखाए।

परिवार ने जब इन कणों को सुनार से जांच करवाया तो वे असली निकले। इसके बाद आरोपियों की बात पर परिवार का भरोसा और मजबूत हो गया। इसी विश्वास का फायदा उठाकर आरोपियों ने बड़ी रकम का सौदा तय कर लिया।

रिश्तेदारों से उधार और लोन लेकर जुटाए 21 लाख

सोना सस्ते में मिलने की उम्मीद में परिवादी ने रिश्तेदारों से रुपए उधार लिए। इसके अलावा पर्सनल लोन और घर में रखे सोने के गहनों का भी इंतजाम किया गया। देखते ही देखते परिवार ने करीब 21 लाख रुपए जुटा लिए।

आरोपियों ने मौका मिलते ही कथित तौर पर हाथ की सफाई करते हुए असली सोने की जगह मिट्टी से भरी सामग्री थमा दी और रकम लेकर मौके से निकल गए।

ठगी खुली तो उड़ गए होश

आरोपियों के जाने के बाद जब परिवार ने सामग्री की जांच की तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। जिस सोने के नाम पर लाखों रुपए दिए गए थे, वह असली सोना नहीं बल्कि मिट्टी निकली। इसके बाद परिवार ने गांधीनगर थाना पुलिस को मामले की सूचना दी।

नए सिम और मोबाइल ने खोला आरोपियों तक रास्ता

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल तकनीकी जांच शुरू की। आरोपियों द्वारा इस्तेमाल किए गए नए सिम और मोबाइल नंबरों की बीटीएस एवं सीडीआर डिटेल खंगाली गई। इसके साथ ही घटनास्थल और आरोपियों के संभावित रास्तों के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की गई। जांच के दौरान पुलिस टीम ने आरोपियों की गतिविधियों और मूवमेंट को ट्रेस किया। लगातार तकनीकी निगरानी और पीछा करते हुए पुलिस टीम हरियाणा के फरीदाबाद क्षेत्र तक पहुंची।

फरीदाबाद से दो आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वरिश मलिक (54) पुत्र शमसुद्दीन मलिक, निवासी शहीद नगर, गाजियाबाद और सलमान (33) पुत्र मीनू मलिक, निवासी आदर्श नगर, गाजियाबाद को गिरफ्तार किया।

दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है और ठगी गई रकम तथा सोने के गहनों की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि इस गिरोह ने अन्य लोगों को भी इसी तरह अपना शिकार बनाया है या नहीं।

राधे कृष्णा हर्बल

मोरिंगा पाउडर एवं कैप्सूल

30, माणक नगरी बून्दी रोड बिजोलिया MO.8426904895

चारभुजा नाथ के जयकारों से गूंजा आसींद, पांचवीं पदयात्रा रवाना

चारभुजा मित्र मंडल की ओर से निकली भव्य पैदल यात्रा, श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह



भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।

चारभुजा मित्र मंडल, आसींद की ओर से प्रसिद्ध श्री चारभुजा नाथ धाम गढ़बोर के लिए पांचवीं भव्य पैदल यात्रा शुक्रवार शाम श्रद्धा और भक्ति के साथ रवाना हुई। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवान चारभुजा नाथ के जयकारे लगाते हुए गढ़बोर के लिए रवाना हुए।

यात्री शुभम सोनी ने बताया कि पदयात्रा में शामिल श्रद्धालु गढ़बोर पहुंचकर श्री चारभुजा नाथ जी की भव्य रेवाड़ी में शामिल होंगे और भगवान के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। इसके बाद श्रद्धालु वापस आसींद के लिए प्रस्थान करेंगे।

पदयात्रा में विवेक सोनी, शुभम सोनी, ध्रुव कुमार सोनी, अंकित सोनी, गोपाल सोनी, नितेश सोनी, पवन सोनी, हर्षित सोनी और भरत सोनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंडल की यह लगातार पांचवीं पदयात्रा है।

गेगा का खेड़ा में 22 सितंबर को होगी विशाल भजन संध्या

जलझूलनी एकादशी पर लक्ष्मीनाथ फूलडोल महोत्सव, भजन व नृत्य की रहेगी प्रस्तुतियां

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।

जसवंत पारीक

जलझूलनी एकादशी के अवसर पर गेगा का खेड़ा में श्री लक्ष्मीनाथ फूलडोल महोत्सव का आयोजन होगा। महोत्सव के तहत 22 सितंबर को विशाल भजन संध्या आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक एवं कलाकार प्रस्तुतियां देंगे।

आयोजन को लेकर देवी लाल उपाध्याय ने बताया कि भजन संध्या में अनिल नागौरी (नोखा, बीकानेर), शम्भूलाल धनगर (जलझंडा) और नारायण मेघवंशी (भीलवाड़ा) भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। वहीं रानू सैनी (भीलवाड़ा), रामू मारवाड़ी और वीरू नागौरी (लाडपुरा) नृत्य प्रस्तुतियां देंगे।

इससे पहले सुबह भगवान लक्ष्मीनाथ का अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद दोपहर में भगवान लक्ष्मीनाथ को जलझूलनी के लिए ले जाया जाएगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है।

गंगापुर चौराहे पर 5 दिन से बंद ट्रैफिक लाइट, जाम से बेहाल शहर



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

शहर के व्यस्ततम गंगापुर चौराहे पर पिछले 4-5 दिनों से ट्रैफिक लाइटें बंद होने के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित है। सिग्नल बंद होने से चौराहे पर दिनभर वाहनों की आवाजाही में अव्यवस्था बनी रहती है और कई बार जाम की स्थिति पैदा हो रही है। वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार ट्रैफिक सिग्नल बंद होने से चौराहे पर वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं। इससे लोगों का समय खराब होने के साथ दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है।

लोगों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद अब तक ट्रैफिक लाइटों को दुरुस्त नहीं किया गया है। वहीं सिग्नल बंद रहने के दौरान यातायात को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त वैकल्पिक व्यवस्था भी नजर नहीं आ रही है। नागरिकों ने प्रशासन से जल्द ट्रैफिक लाइटें ठीक करवाकर यातायात व्यवस्था सुचारू कराने की मांग की है।

कोटड़ी में गूंजा शिक्षक हित-शिक्षा हित-राष्ट्र हित का संकल्प



भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

राजेंद्र बबलू पोखरणा। श्री चारभुजानाथ मंदिर परिसर में शुक्रवार को अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (विद्यालय शिक्षा) जिला इकाई शाहपुरा के दो दिवसीय जिला सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। सम्मेलन में शाहपुरा जिले के कोटड़ी, जहाजपुर, फूलियाकलां, बनेड़ा और शाहपुरा खंडों से सैकड़ों शिक्षक शामिल हुए।

इस दौरान शिक्षक हित, शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यालयी संस्कार, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों पर मंथन हुआ।

जिला अध्यक्ष संजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में हुए प्रथम सत्र में जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक भीलवाड़ा रामेश्वर लाल जीनगर ने विभागीय गतिविधियों की जानकारी साझा की। वक्ताओं ने संगठन के मूल मंत्र 'शिक्षक हित-शिक्षा हित-राष्ट्र हित' को शिक्षक समाज की एकता और राष्ट्र निर्माण का आधार बताया।

द्वितीय सत्र में अजमेर संभाग संगठन मंत्री महेश कुमार शर्मा ने सम्मेलन को संगठनात्मक एकता और सामूहिक संकल्प का मंच बताया। मुख्य वक्ता सूर्य प्रकाश शर्मा ने संत रविदास के जीवन एवं विचारों पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक समरसता का संदेश दिया। जिला मंत्री अमर सिंह चौहान ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

तृतीय सत्र में प्रदेश संयुक्त मंत्री देवेंद्र शर्मा ने 'हमारा विद्यालय, हमारा तीर्थ' विषय पर विद्यालय को संस्कार, चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण का केंद्र बताया। प्रांत गो सेवा प्रमुख भंवर लाल भांभी ने विद्यार्थियों में राष्ट्रीय चेतना और जिम्मेदारी विकसित करने पर जोर दिया। सम्मेलन में पांचों खंडों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

प्रबोधक संघ के जिला सम्मेलन में पुरानी सेवा गणना की मांग उठी



भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।

जसवंत पारीक । अखिल राजस्थान प्रबोधक संघ भीलवाड़ा का 18वां जिला शैक्षिक सम्मेलन बनकाखेड़ा पंचायत स्थित श्री देवनारायण मंदिर मोचड़ियों का मंड में आयोजित हुआ। सम्मेलन में जिलेभर से आए प्रबोधक शिक्षकों ने विद्यालय हित, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, नामांकन बढ़ाने, नवाचार और प्रबोधकों की समस्याओं पर मंथन किया। इस दौरान प्रबोधकों की पुरानी सेवा की गणना को प्रमुख मांग के रूप में उठाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोटड़ी भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन ने प्रबोधकों की मांगों को सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष किशन सिंह राठौड़ ने की। सम्मेलन में प्रारंभिक जिला शिक्षा अधिकारी रामेश्वर लाल जीनगर, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी जगजीतेंद्र सिंह सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर सेवानिवृत्त एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रबोधक शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जिले की विभिन्न पंचायत समितियों से बड़ी संख्या में प्रबोधक शिक्षक शामिल हुए।

चुनाव बाद कांग्रेसजनों पर दबाव की शिकायत, निष्पक्ष जांच की मांग

शहर कांग्रेस कमेटी ने एसपी को सौंपा ज्ञापन, कहा वास्तविक मामलों में कार्रवाई पर आपत्ति नहीं, लेकिन राजनीतिक दबाव में न हो कार्रवाई

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

नगर निगम चुनाव के बाद कांग्रेस से जुड़े पार्षदों, प्रत्याशियों, कार्यकर्ताओं और उनके परिजनों पर कथित दबाव बनाए जाने की शिकायतों को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। शहर अध्यक्ष शिवराम जी खटीक के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं ने कानून का समान रूप से अनुपालन सुनिश्चित करने और पूरे मामले में निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि किसी व्यक्ति के खिलाफ वास्तविक आपराधिक मामला है तो कानून के अनुसार कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन राजनीतिक दबाव या दुर्भावना के आधार पर किसी को परेशान नहीं किया जाना चाहिए।

डोटासरा के निर्देश पर सौंपा ज्ञापन

कांग्रेस पदाधिकारियों के अनुसार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देश के क्रम में जिला कांग्रेस कमेटी (शहर) की ओर से पुलिस अधीक्षक को यह ज्ञापन दिया गया। इसमें चुनाव के बाद उत्पन्न परिस्थितियों और कांग्रेस से जुड़े लोगों को लेकर सामने आ रही शिकायतों का उल्लेख करते हुए पुलिस कार्रवाई में निष्पक्षता बनाए रखने की मांग की गई।

कानूनी कार्रवाई पर आपत्ति नहीं

ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया कि यदि किसी व्यक्ति के खिलाफ वास्तविक शिकायत या आपराधिक मामला है तो उस पर नियमानुसार कार्रवाई किए जाने पर संगठन को कोई आपत्ति नहीं है। उनका कहना है कि कानून सभी के लिए समान होना चाहिए और जांच तथ्यों व साक्ष्यों के आधार पर की जानी चाहिए।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि राजनीतिक दबाव या दुर्भावना के चलते पार्षदों, चुनाव प्रत्याशियों, कार्यकर्ताओं



अथवा उनके परिजनों को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने पुलिस प्रशासन से पूरे मामले में निष्पक्षता बरतने और शिकायतों की जांच नियमानुसार करने की मांग की।

ज्ञापन देने के दौरान ये रहे मौजूद

ज्ञापन सौंपने के दौरान धर्मेंद्र पारीक, मनोज पालीवाल, मंजू पोखरणा, मोहम्मद हारुन रंगरेज, सत्यवीर सिंह राठौड़, योगेश सोनी, हामिद रंगरेज, राधेश्याम भडाणा, शिव प्रकाश घावरी, अनिल डिडवानिया, उस्मान पठान, दीपक पुरोहित, शिवालय घावरी, शबनम डायर, अजहरुद्दीन, पुलकित ट्रेलर, शिवराज सुराणा, आशा सेन, कश्मीर मोहम्मद, धनराज फैतान, डायर सोहिल, कमल कुछबंधा, महावीर व्यास, ज्ञानमल खटिक एवं विकास जैन सहित कई कांग्रेसजन मौजूद रहे।

विकास और सीवरेज कार्यों की रफ्तार पर निगम आयुक्त सख्त

100 फीट रोड से पांसल रोड तक निर्माण कार्यों का निरीक्षण, धीमे सीवरेज काम में अतिरिक्त मशीन लगाने के निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त कमल सिंह यादव ने शुक्रवार को शहर में चल रहे विकास कार्यों और सीवरेज प्रोजेक्ट्स का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर कार्यों की प्रगति देख अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाकर आमजन को जल्द राहत देने के निर्देश दिए।



आयुक्त ने 100 फीट रोड, पांसल रोड और मराठा कॉलोनी क्षेत्र में चल रहे सड़क निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इसके अलावा गांधीनगर, पुलिस लाइन सहित अन्य क्षेत्रों का भी जायजा लिया।

सर्किट हाउस के पास सीवरेज कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने काम में तेजी लाने के लिए अतिरिक्त मशीन लगाने के निर्देश दिए।

सीवरेज लाइन डालने के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की बारिश के बाद शीघ्र मरम्मत एवं पुनर्निर्माण कराने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

शिक्षक संघ का दो दिवसीय जिला सम्मेलन शुरू

गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति और पारदर्शी स्थानांतरण नीति सहित विभिन्न मांगों पर चर्चा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) जिला शाखा भीलवाड़ा का दो दिवसीय जिला शैक्षिक सम्मेलन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रतापनगर में शुरू हुआ। उद्घाटन सत्र में पूर्व संयुक्त निदेशक व शिक्षाविद डॉ. महावीर कुमार शर्मा मुख्य अतिथि रहे। अध्यक्षता ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अब्दुल शाहिद शेख ने की।

प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र शर्मा ने शिक्षकों पर बढ़ते गैर शैक्षणिक कार्यों के बोझ और



विभिन्न मांगों पर चर्चा की। जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार शर्मा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

खुले मंच में तृतीय वेतन श्रृंखला शिक्षकों के स्थानांतरण, लंबित डीपीसी पूरी करने, बीएलओ सहित गैर शैक्षणिक कार्यों से शिक्षकों को मुक्त करने और स्थायी पारदर्शी स्थानांतरण नीति लागू करने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। साथ ही पीईईओ व यूसीईईओ को 10 प्रतिशत हार्ड ड्यूटी भत्ता देने तथा सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता एवं संस्कार आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने की मांग उठाई गई।

भागवत कथा का श्रवण मनुष्य को भक्ति के मार्ग पर ले जाता है

रामनिवास धाम में श्रीमद्भागवत कथा शुरू, 24 सितंबर तक होंगे धार्मिक आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

(मूलचंद पेसवानी)। रामनिवास धाम की बारादरी में शुक्रवार को श्रीमद्भागवत कथा का समारोहपूर्वक शुभारंभ हुआ। कथा के प्रथम दिन संत मस्तरामजी महाराज ने भागवत महापुराण के महात्म्य का वर्णन करते हुए कहा कि कथा श्रवण से मनुष्य के भीतर भक्ति की भावना जागृत होती है और जीवन को सद्मार्ग की दिशा मिलती है।

रामस्नेही संप्रदाय की परंपराओं के अनुरूप आयोजित कथा 18 से 24 सितंबर तक चलेगी। मालपुरा के संत मस्तरामजी महाराज कथा का वाचन करेंगे। कथा



प्रतिदिन सुबह 9 से 11.30 बजे और दोपहर 2.30 से शाम 5 बजे तक होगी। कथा शुभारंभ से पूर्व कार्यवाहक भंडारी संत नवनितरामजी महाराज ने स्तंभजी स्थित समाधि स्थल से श्रीमद्भागवत की पोथी आयोजक परिवार के जगदीश सोनी के सिर पर धारण कराई। इसके बाद पोथी की शोभायात्रा लाल चौक होते हुए बारादरी पहुंची, जहां विधिवत स्थापना के साथ कथा शुरू हुई। शोभायात्रा में संतों सहित बड़ी संख्या में सत्संगी महिला-पुरुष शामिल हुए।

संत मस्तरामजी महाराज ने कहा कि भागवत केवल श्रवण का विषय नहीं, बल्कि उसके संदेश को जीवन में उतारने का माध्यम है। रामस्नेही परंपरा के अनुसार कथा में संगीत और वाद्य यंत्रों के बजाय शब्द, चिंतन और साधना पर जोर दिया जा रहा है। कार्यवाहक भंडारी संत ने श्रद्धालुओं से कथा में शामिल होकर आध्यात्मिक लाभ लेने का आह्वान किया।



QUICK BITES

पुलिस सम्मान के साथ डीएसपी गिरिराज गर्ग को अंतिम विदाई

जवानों ने फायर कर दी अंतिम सलामी, गमगीन माहौल में पंचतत्व में विलीन हुए

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।



14वीं आरएसी (खन्न) में तैनात डीएसपी गिरिराज गर्ग (56) का अंतिम संस्कार मांडलगढ़ में पुलिस सम्मान के साथ किया गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। अंतिम संस्कार के दौरान परिजनों, पुलिस अधिकारियों और जवानों की आंखें नम नजर आईं।

मांडलगढ़ पहुंचने पर 14वीं आरएसी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहाबाद खान मय टीम, मांडलगढ़ डीएसपी योगेश शर्मा तथा थाना प्रभारी राजकुमार नायक मय पुलिस टीम ने दिवंगत डीएसपी को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। पुलिस जवानों ने फायर कर उन्हें अंतिम सलामी दी।

इसके बाद परिजनों ने विधि-विधान से अंतिम संस्कार किया। मुखाग्नि के साथ ही गिरिराज गर्ग पंचतत्व में विलीन हो गए। इस दौरान पुलिस एवं आरएसी अधिकारियों और जवानों ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया।

गौरतलब है कि डीएसपी गिरिराज गर्ग का बुधवार रात अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने के बाद अस्पताल में उपचार के दौरान गुरुवार को निधन हो गया था। मार्च में हार्ट ब्लॉकेज के चलते उन्हें स्टेंट डाला गया था और अगस्त में उन्होंने 14वीं आरएसी में डीएसपी पद पर कार्यभार संभाला था।

माहेश्वरी धर्मशाला समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संभाला कार्यभार

बैठक में कई प्रस्ताव पारित, 11 अक्टूबर को आमसभा आयोजित करने का निर्णय

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।



श्री सिंगोली चारभुजा माहेश्वरी धर्मशाला समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कार्यभार ग्रहण किया। इसके बाद समिति की बैठक अध्यक्ष संदीप पोरवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में धर्मशाला के विकास सहित संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर कई प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में मंत्री ओमप्रकाश लढ़ा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का तिलक एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। राजस्थान ग्रामीण बैंक के खाते के स्थानांतरण को लेकर प्रस्ताव पारित किया गया। खाते के लेन-देन के लिए अध्यक्ष संदीप पोरवाल, कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार मूंदड़ा एवं मंत्री ओमप्रकाश लढ़ा में से किन्हीं दो को अधिकृत किया गया।

बैठक में कार्यालय मंत्री पद पर रामकृष्ण पोरवाल बड़लियास एवं राधेश्याम तुरक्या मालाखेड़ा का मनोनयन किया गया। वहीं सदस्यता शुल्क बढ़ाकर 2100 रुपए करने का प्रस्ताव लिया गया। समिति की आमसभा 11 अक्टूबर 2026 को आयोजित करने का निर्णय भी लिया गया।

धर्मशाला को भव्य स्वरूप देने पर जोर

अध्यक्ष संदीप पोरवाल ने धर्मशाला के विकास को लेकर चर्चा करते हुए इसे आधुनिक सुविधाओं से युक्त एवं भव्य स्वरूप प्रदान करने की बात कही। इससे पूर्व भगवान महेश की पूजा-अर्चना की गई तथा भगवान चारभुजानाथ के दर्शन किए गए।

बैठक में उपाध्यक्ष बालकिशन कालिया, भैरूलाल सोमानी, संगठन मंत्री कृष्ण गोपाल डागा, संयुक्त मंत्री दिनेश नामधराणी, महावीर प्रसाद तुरक्या, पूर्व कोषाध्यक्ष सतीश सोमानी, प्रभुलाल सोमानी, दुर्गालाल गट्यानी, राजेंद्र लढ़ा, श्रीराम सोमानी सहित समिति के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



तहनाल में सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम ग्रामीणों को साइबर ठगी से बचाव के बताए उपाय

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

मूलचन्द पेसवानी



किसान सेवा केंद्र तहनाल में बैंक ऑफ इंडिया, शाहपुरा शाखा की ओर से सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें ग्रामीणों को भ्रष्टाचार, साइबर अपराध और बैंकिंग धोखाधड़ी के प्रति सजग करते हुए सुरक्षित बैंकिंग व्यवहार अपनाने की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में सतर्कता अधिकारी कपिल, बैंक ऑफ इंडिया शाहपुरा शाखा प्रबंधक अशोक मीणा एवं बैंक मित्र मुकेश बैरवा ने ग्रामीणों को साइबर ठगी के बदलते तरीकों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अनजान व्यक्ति के फोन, लिंक या संदेश पर भरोसा करने के बजाय उसकी सत्यता की जांच करना जरूरी है। ग्रामीणों को ओटीपी फ्रॉड, फिशिंग कॉल, फर्जी संदेश, सोशल इंजीनियरिंग और ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी से बचने के व्यावहारिक उपाय बताए गए।

म्यूल अकाउंट के जरिए फंसाते हैं साइबर अपराधी

कार्यक्रम में म्यूल अकाउंट (Mule Account) को लेकर विशेष रूप से जागरूक किया गया। अधिकारियों ने बताया कि साइबर अपराधी कई बार लोगों को कमीशन अथवा आसानी से पैसा कमाने का लालच देकर उनके बैंक खातों का इस्तेमाल अवैध धन प्राप्त करने और उसे दूसरे खातों में ट्रांसफर करने के लिए करते हैं। ऐसे मामलों में खाताधारक भी कानूनी परेशानी में फंस सकता है। इसलिए किसी भी व्यक्ति को अपने बैंक खाते का इस्तेमाल दूसरे के पैसे के लेन-देन के लिए नहीं करने देना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों और विद्यार्थियों को सलाह दी कि बैंक खाता, एटीएम/डेबिट कार्ड, पिन, ओटीपी, यूपीआई पिन और इंटरनेट बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करें। बैंक अधिकारी बनकर फोन करने वाले व्यक्तियों से भी सतर्क रहने और किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करने की अपील की गई।

ईमानदारी और पारदर्शिता का दिया संदेश

कार्यक्रम के दौरान भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूकता, ईमानदारी और पारदर्शिता को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। ग्रामीणों से अपील की गई कि वे संदिग्ध बैंकिंग गतिविधि अथवा साइबर अपराध की जानकारी संबंधित बैंक अथवा सक्षम एजेंसी को दें और स्वयं भी जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाएं।

कार्यक्रम में तहनाल पंचायत की सरपंच गोविंद कंवर, उपसरपंच एवं भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जीवराज गुर्जर, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष रामजस गुर्जर, पूर्व जीएसएस अध्यक्ष अर्जुन गुर्जर, महावीर गुर्जर, निर्मल पंवार, रघुनाथ गुर्जर, मदन कुमावत, टिल्लू बैरवा, आयालाल बैरवा, जितेंद्र मेघवंशी, भागचंद भील, हेमराज बैरवा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

सहकारी समिति परिसर में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बैंक अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी को उपयोगी बताया। आयोजकों ने सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग को अपनाने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि के प्रति तत्काल सजग रहने का आह्वान किया।

जहाजपुर में सियासी उलटफेरः निर्दलीय नरेश-कांता ने नामांकन वापस लेकर भाजपा को दिया समर्थन

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।



नगर पालिका अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर जहाजपुर की राजनीति में एक बार फिर बड़ा सियासी घटनाक्रम सामने आया है। भाजपा से टिकट नहीं मिलने के बाद निर्दलीय चुनाव जीतने वाले पूर्व पालिका अध्यक्ष एवं भाजपा नेता नरेश मीणा और उनकी पत्नी कांता देवी मीणा ने अध्यक्ष पद के लिए किए गए अपने नामांकन वापस लेते हुए भाजपा के समर्थन में आने का फैसला किया है। विधायक गोपीचंद मीणा के प्रयासों के बाद दोनों ने भाजपा को समर्थन देने की घोषणा की।

नगर पालिका चुनाव में जहाजपुर के 25 वार्डों में भाजपा के 15, निर्दलीय 7 और कांग्रेस के 3 पार्षद निर्वाचित हुए थे। भाजपा से टिकट नहीं मिलने के बाद नरेश मीणा और उनकी पत्नी कांता देवी मीणा ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था और दोनों को जीत मिली थी।

अध्यक्ष पद के चुनाव में कांता देवी मीणा ने भी अपना नामांकन दाखिल किया था। इस दौरान उन्हें मीणा समाज से निर्वाचित निर्दलीय पार्षदों का समर्थन मिलने की स्थिति बनी थी। इसके चलते नगर पालिका में बोर्ड गठन को लेकर राजनीतिक समीकरण लगातार बदलते नजर आए। पिछले कुछ दिनों से अध्यक्ष पद को लेकर भाजपा और निर्दलीय खेमे के बीच खींचतान की स्थिति बनी हुई थी।

विधायक के प्रयासों के बाद बदले समीकरण

शुक्रवार को विधायक गोपीचंद मीणा के प्रयासों से सियासी तस्वीर में बड़ा बदलाव आया। नरेश मीणा और कांता देवी मीणा ने अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन वापस लेते हुए भाजपा को समर्थन दे दिया। इस घटनाक्रम के बाद भाजपा के पास बोर्ड गठन के लिए संख्या बल और मजबूत हो गया है।

नामांकन वापसी के बाद अब जहाजपुर नगर पालिका में भाजपा के नेतृत्व में बोर्ड गठन का रास्ता साफ होता दिखाई दे रहा है। हालांकि अध्यक्ष पद की औपचारिक चुनाव प्रक्रिया के बाद ही अंतिम तस्वीर स्पष्ट होगी।

रक्तदान से बचाई जा सकती है अनमोल जिंदगी, नई राज्यास पीएचसी पर ली स्वैच्छिक रक्तदान की शपथ

शाहपुरा ब्लॉक सीएमएचओ डॉ. चेनाराम कुमावत ने रक्तदान का महत्व बताते हुए अधिकाधिक लोगों से आगे आने का किया आह्वान

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



नई राज्यास स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर शुक्रवार को स्वैच्छिक रक्तदान को लेकर शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान चिकित्सा विभाग के कार्मिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने स्वैच्छिक रक्तदान करने तथा दूसरों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करने की शपथ ली।कार्यक्रम में शाहपुरा ब्लॉक सीएमएचओ डॉ. चेनाराम कुमावत ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है।

समय पर रक्त उपलब्ध होने से किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जिंदगी बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान किसी दूसरे व्यक्ति के लिए जीवनदान साबित हो सकता है।डॉ. कुमावत ने आमजन से अपील की कि अधिक से अधिक लोग स्वैच्छिक रूप से रक्तदान के लिए आगे आएं और समाज में रक्तदान को लेकर जागरूकता बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि रक्त की आवश्यकता किसी भी व्यक्ति को कभी भी पड़ सकती है, ऐसे में स्वैच्छिक रक्तदान की भावना समाज के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर एएनएम सुशीला ढाका,पायल श्रीमाली,रामप्रसाद मीणा सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

गंगापुर में शैक्षिक सम्मेलन में संस्कार और कर्तव्य पर जोर



भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।

पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का दो दिवसीय शैक्षिक सम्मेलन शुरू हुआ। सम्मेलन में जिले की 10 शाखाओं से 1000 से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष भंवर सिंह राठौड़ ने 'हमारा विद्यालय, हमारा तीर्थ' के भाव से कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों में संस्कार विकसित होंगे और शिक्षक अपने कर्तव्य पथ पर सफल होंगे। मुख्य वक्ता भूपेंद्र आचार्य ने संत रविदास के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र कुमार गग्गड़ ने शिक्षकों से कर्तव्यों के साथ संस्कारों को भी महत्व देने का आह्वान किया। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुरेश बड़वा ने की, जबकि जिला मंत्री ईश्वर सिंह ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

इस दौरान सेवानिवृत्त एवं विशेष योगदान देने वाले शिक्षकों, भामाशाहों और प्रदेश पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। छात्राओं ने राजस्थानी नृत्य एवं बालिका सम्मान पर नाटिका प्रस्तुत की। 19 सितंबर को सम्मेलन के दूसरे दिन शिक्षकों की समस्याओं पर चर्चा की जाएगी।

गंगापुर में आचार्य कालूगणी का 91वां महाप्रयाण दिवस मनाया



भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।

श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथ सभा की ओर से तेरापंथ के अष्टमाचार्य श्रीमद् कालूगणी का 91वां महाप्रयाण दिवस श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आमली मार्ग स्थित कालूगणी समाधि स्थल पर धम्म जागरण का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भक्ति गीतों के साथ गुरुदेव की आरती की।

इससे पूर्व कालू कल्याण कुंज से महाप्रयाण रैली निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए समाधि स्थल पहुंची। यहां कालूगणी का जप अनुष्ठान किया गया। विजयनगर से आई निशा हिंगड़ एंड पार्टी ने भगवान पारसनाथ, आचार्य श्री भिक्षु एवं कालूगणी पर आधारित भजनों की प्रस्तुतियां दीं। महिला मंडल ने भी गीतिका प्रस्तुत की।

कार्यक्रम में तेरापंथ सभा, युवक परिषद, महिला मंडल एवं अणुव्रत मंच के सदस्यों सहित आसपास के गांवों से आए श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में वाटर कूलर लोकार्पित

275वें दीक्षा महोत्सव के तहत जल सेवा शुरू, श्रद्धालुओं व आमजन को मिलेगी शीतल जल की सुविधा

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

मूलचंद पेसवानी। रामस्नेही संप्रदाय के आद्याचार्य स्वामी श्री रामचरणजी महाराज के 275वें दीक्षा महोत्सव के तहत सेवा कार्यों की कड़ी में खानिया का बालाजी रोड स्थित सिंधी धर्मशाला के सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में शुक्रवार को वाटर कूलर स्थापित कर आमजन को समर्पित किया गया। श्री सेवा कार्य उम्मेद समिति, रामद्वारा गंगापुर की ओर से संत श्री गुरुमुखरामजी रामस्नेही की प्रेरणा से यह सेवा कार्य किया गया।

मंदिर परिसर में पं. राजेंद्र शुक्ला ने विधि-विधान से पूजन कराया। इसके बाद कैलाशचंद्र तोषनीवाल, महावीर



जागेटिया एवं जयराम नेपाली ने वाटर कूलर का लोकार्पण किया। प्रथम जल सिद्धेश्वर महादेव को अर्पित कर जलाभिषेक किया गया और इसके साथ ही आमजन के लिए शीतल जल सेवा शुरू हो गई।

मानव सेवा ही सबसे बड़ा संदेश

इस अवसर पर संत श्री गुरुमुखरामजी रामस्नेही ने आशीर्वचन में कहा कि महोत्सव के अवसर पर किया गया जल सेवा कार्य आमजन के लिए उपयोगी है। उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा से जुड़ा प्रत्येक कार्य समाज के लिए प्रेरणादायी होता है।

वाटर कूलर के संचालन एवं रखरखाव की जिम्मेदारी पूज्य सिंधी पंचायत शाहपुरा की ओर से संभाली जाएगी। कार्यक्रम में अशोक थानवानी, मूलचंद पेसवानी, सुरेश वासवानी, गोपाल सुवालका, गुलाबचंद चौधरी सहित समाजजन मौजूद रहे।

उत्तम आर्जव धर्म पर सुपार्श्वनाथ मंदिर में हुई भक्ति आराधना

शांतिधारा, संगीतमय दशलक्षण विधान व महाआरती में उमड़े श्रद्धालु

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

दिगंबर जैन समाज के दशलक्षण पर्व के तहत शुक्रवार को उत्तम आर्जव धर्म की श्रद्धा एवं भक्तिभाव से आराधना की गई। श्री सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में सुबह मूलनायक भगवान सुपार्श्वनाथ की शांतिधारा के साथ धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। मंदिर परिसर दिनभर श्रद्धालुओं से भरा रहा और संगीतमय दशलक्षण विधान में समाजजनों ने उत्साह से भाग लिया।

शांतिधारा का सौभाग्य विनोद, कमलेश एवं सोमेश ठग परिवार तथा भागचंद, विजय एवं उषा काला परिवार को प्राप्त हुआ। इसके अलावा महावीर नवीन



काला, महावीर मैना बड़जात्या, विमल अनंत वैद, मुकेश तरुण पाटनी, अशोक अमित बिलाला, संतोष नीरज बड़जात्या सहित अन्य श्रद्धालुओं ने भी श्रीजी पर शांतिधारा कर विधान में भाग लिया।

दोपहर में पंडित रजनीश शास्त्री ने तत्वार्थ सूत्र का वाचन किया। उन्होंने उत्तम आर्जव धर्म की व्याख्या करते हुए कहा कि मन, वचन और कर्म में एकरूपता, सरलता एवं निष्कपटता रखना ही आर्जव धर्म है। छल-कपट और दिखावे से दूर रहकर सरल, सहज एवं सत्यनिष्ठ जीवन जीना इसका मूल संदेश है।

ढोल-बाजों के साथ निकली शोभायात्रा

शाम को सुपार्श्वनाथ सर्किल से ठग एवं काला परिवार की ओर से ढोल-बाजों के साथ भगवान की महाआरती के लिए शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मंदिर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने भगवान सुपार्श्वनाथ की महाआरती की।

समिति अध्यक्ष प्रकाश गंगवाल ने बताया कि दशलक्षण पर्व के दौरान प्रतिदिन मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। नेमीचंद गोधा ने भी पर्व के दौरान होने वाले धार्मिक आयोजनों की जानकारी दी।

ब्लॉक स्तरीय प्राथमिक विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

दो दिन मैदान में दिखेगा नन्हे खिलाड़ियों का दमखम, खेल व सांस्कृतिक स्पर्धाओं में लेंगे भाग

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।

स्वतंत्रता सेनानी श्री शंकरदेव भारती राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के तत्वावधान में 70वीं दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्राथमिक विद्यालय (11 वर्ष छात्र-छात्रा) खेलकूद, एथलेटिक्स, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता अमृत भारती पब्लिक स्कूल के खेल मैदान में आयोजित की जा रही है, जिसमें ब्लॉक क्षेत्र के राजकीय एवं निजी प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।

प्रतियोगिता के दौरान खो-खो, कबड्डी,



जिम्नास्टिक, एथलेटिक्स सहित विभिन्न साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इनमें नन्हे खिलाड़ी और बाल कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

उद्घाटन समारोह में अतिरिक्त ब्लॉक प्राथमिक शिक्षा अधिकारी देवीलाल तेली, यूसीओ एवं पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय कुमार व्यास सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं शारीरिक शिक्षक मौजूद रहे। अतिथियों ने ध्वजारोहण, मां सरस्वती का पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन कर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया।

मार्च पास्ट में दिखा उत्साह

प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने मार्च पास्ट किया। खेल मैदान में अनुशासित कतारों में पहुंचे विद्यार्थियों में खासा उत्साह नजर आया। स्थानीय विद्यालय के शारीरिक शिक्षक बरकतुल्लाह ने बताया कि सभी खेल, एथलेटिक्स, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक स्पर्धाएं अमृत भारती पब्लिक स्कूल के खेल मैदान में आयोजित की जा रही हैं।

कोटड़ी श्याम के दरबार में जलझूलन महोत्सव की धूम

भक्तों ने कांवड़ यात्रा का किया भव्य स्वागत, 25 किमी की दूरी 21 घंटे में तय कर पहुंची कांवड़ यात्रा

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।

राजेन्द्र बबलू पोखरना

मेवाड़ के ऐतिहासिक धाम श्री चारभुजानाथ मंदिर में चल रहे जलझूलन महोत्सव के तहत शुक्रवार को धार्मिक आस्था और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। त्रिवेणी संगम से 108 कांवड़ों में पवित्र जल भरकर निकली कांवड़ यात्रा करीब 25 किलोमीटर की दूरी 21 घंटे में तय कर कोटड़ी पहुंची। कांवड़ियों का जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

किशनगढ़ में रात्रि विश्राम के बाद कांवड़ यात्रा सुबह पुनः रवाना हुई। यात्रा गोगास, गोराकाखेड़ा, देवरिया होते हुए पुरोहितजी का खेड़ा पहुंची। यहां से कांवड़िए भजन-कीर्तन करते हुए कोटड़ी में प्रवेश किए। बैंड-बाजों और डीजे की धार्मिक धुनों के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालु यात्रा के साथ चल रहे थे। कांवड़



यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने विभिन्न मंदिरों में दर्शन किए। बालाजी, चावंडा माता, देवनारायण, हनुमानजी, जैन मंदिर, राम मंदिर, लक्ष्मीनारायण मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर भगवान चारभुजानाथ के साथ सामूहिक आरती की गई। मंदिर परिसर में पहुंचने पर कांवड़ियों का श्रद्धालुओं ने शंखनाद एवं जयकारों के साथ भव्य स्वागत किया। कांवड़ियों के चरण धोकर सम्मान किया गया तथा इसके बाद पवित्र जल को पात्र में संग्रहित किया गया। यह पवित्र जल जलझूलन एकादशी के अवसर पर भगवान चारभुजानाथ के दुग्धाभिषेक में उपयोग किया जाएगा।



आज विशाल छप्पन भोग व धार्मिक आयोजन

जलझूलन महोत्सव के तहत शनिवार को विशाल छप्पन भोग का आयोजन होगा। भगवान की विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक एवं हवन के बाद दोपहर 12.15 बजे भगवान को छप्पन भोग अर्पित कर आरती की जाएगी। इसके बाद श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ आकर्षक झांकी सजाई जाएगी। दिनभर भजन कीर्तन एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

रात्रि 8 बजे स्थानीय विद्यालयों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। महोत्सव को लेकर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है।

QUICK BITES

शाहपुरा पालिका अध्यक्ष पद पर मुकाबला बरकरार

नाम वापसी की अवधि खत्म, कांग्रेस के रमेश सेन और निर्दलीय बाल मुकंद तोषनीवाल आमने-सामने; 21 सितंबर को मतदान

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

नगर पालिका अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर तस्वीर साफ हो गई है। नामांकन वापस लेने की निर्धारित अवधि समाप्त होने तक किसी भी प्रत्याशी ने अपना नाम वापस नहीं लिया। ऐसे में अध्यक्ष पद के लिए अब कांग्रेस प्रत्याशी रमेश कुमार सेन और निर्दलीय प्रत्याशी बाल मुकंद तोषनीवाल के बीच सीधा मुकाबला होगा। दोनों प्रत्याशियों के मैदान में बने रहने से चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं।

रिटर्निंग अधिकारी बनवारी लाल सिनसिनवार ने बताया कि नाम वापसी की अवधि समाप्त होने के बाद अध्यक्ष पद के लिए इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी रमेश कुमार सेन तथा निर्दलीय प्रत्याशी बाल मुकंद तोषनीवाल चुनाव मैदान में हैं।

21 सितंबर को होगा मतदान

नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए मतदान 21 सितंबर को कराया जाएगा। मतदान का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित किया गया है। मतदान नगरपालिका शाहपुरा में होगा। इसके बाद चुनाव प्रक्रिया के तहत मतगणना एवं परिणाम की घोषणा की जाएगी।

उरना से दलपुरा तक भक्ति का रंग बाकरा-शेरपुरा होकर बाबा देवनारायण के दरबार पहुंची यात्रा

शाम को महाप्रसादी के साथ समापन

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़



उरना गांव में शुक्रवार सुबह भक्ति और उत्साह का माहौल नजर आया। श्रद्धालु हाथों में ध्वज लेकर श्याम यात्रा के रूप में दलपुरा के लिए रवाना हुए। डीजे की भक्ति धुनों पर भक्त नाचते-गाते और जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। यात्रा में सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए।

यात्रा उरना से रवाना होकर बाकरा और शेरपुरा होते हुए दलपुरा स्थित बाबा देवनारायण के दरबार पहुंची। रास्तेभर श्रद्धालुओं में उत्साह बना रहा दलपुरा पहुंचने पर मंदिर कमेटी की ओर से श्रद्धालुओं का स्वागत और आवभगत की गई। श्रद्धालुओं ने बाबा देवनारायण के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इसके बाद शाम को महाप्रसादी का आयोजन हुआ। प्रसादी ग्रहण करने के साथ ही श्याम यात्रा का भक्तिमय माहौल में समापन हुआ। यात्रा से जुड़े नेवालाल गुर्जर, घीसूलाल गुर्जर, प्रधान गुर्जर, सत्यनारायण गुर्जर, बंशी मीणा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

चारभुजा मंदिर में आज से 24 घंटे की अखंड रामधुनी

जलझूलनी एकादशी पर धार्मिक आयोजन, नवयुवक मंडल ने तैयारियां की पूरी

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।

जलझूलनी एकादशी के पावन अवसर पर मैलोनी मोहल्ला स्थित चारभुजा मंदिर परिसर में शनिवार से 24 घंटे की अखंड रामधूनी का आयोजन होगा। नवयुवक मंडल मैलोनी की ओर से आयोजित धार्मिक कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। रामधूनी में क्षेत्र के श्रद्धालु भजन-कीर्तन के साथ भगवान चारभुजानाथ की आराधना करेंगे।

अखंड रामधूनी का शुभारंभ शनिवार सुबह 9:15 बजे होगा, जो रविवार सुबह 9:15 बजे तक लगातार चलेगी। इस दौरान मंदिर परिसर में भजनों एवं रामधूनी से भक्तिमय माहौल रहेगा। आयोजन को लेकर नवयुवक मंडल के कार्यकर्ताओं ने तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। मंदिर परिसर की सजावट के साथ श्रद्धालुओं की सुविधा एवं अन्य व्यवस्थाएं की जा रही हैं। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अखंड रामधूनी में शामिल होने का आह्वान किया है।

केशुविलास व किशनपुरिया में महिलाओं-बच्चों को मौलिक अधिकारों की जानकारी

विधिक जागरूकता कार्यक्रम में छह मौलिक अधिकारों की दी जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भीलवाड़ा के निर्देशानुसार शुक्रवार को ग्राम केशुविलास व किशनपुरिया में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट रूपल अग्रवाल के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं एवं बच्चों को संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों की जानकारी दी गई। पीएलवी रामबाबू माथुर एवं अंजली नायक ने उपस्थित लोगों को छह मौलिक अधिकारों के बारे में बताया। इनमें समानता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, शोषण के विरुद्ध अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, संस्कृति एवं शिक्षा संबंधी अधिकार तथा संवैधानिक उपचारों का अधिकार शामिल हैं। कार्यक्रम में बताया गया कि समानता के अधिकार के तहत कानून की नजर में सभी नागरिक समान हैं तथा धर्म, जाति, लिंग और जन्मस्थान के आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकता। साथ ही अन्य मौलिक अधिकारों और उनके महत्व की जानकारी देकर लोगों को अपने कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।